हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 6 अगस्त 2025

04 वार्ड क्रमांक 1,2 का रास्ता शिवमंदिर के पास से...



07 स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण देशभक्ति, सेवा और ...







**प्रदर्शनः सैकड़ों छात्र पहुंचे, कलेक्टर से की समय पर भर्ती कराने की मांग, ज्ञापन सौंपा**

# भर्ती प्रक्रिया में देरी होने पर फूटा आक्रोश 500 छात्रों ने रैली निकालकर दिया धरना

- कलेक्टर के इंतजार में दो घंटे तक बैठे रहे छात्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों ने मंगलवार को भर्ती प्रक्रिया में देरी और अनियमितताओं के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। दुर्गानगर चौराहे से लगभग 500 की संख्या में छात्र रैली के रूप में निकले और मुख्य मार्ग होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

छात्रों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग की। कलेक्ट्रेट परिसर में छात्र करीब 2 घंटे तक कलेक्टर के आने का इंतजार करते रहे और कलेक्ट्रेट में ही धरने पर बैठे रहे। छात्रों का कहना था कि वह केवल कलेक्टर से मिलकर उन्हें ही ज्ञापन सौंपेंगे। कई अधिकारी आए लेकिन उन्होंने ज्ञापन नहीं दिया। कलेक्टर के आने पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें भर्ती कैलेंडर जारी करने, समयबद्ध परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया लागू करने, तथा लंबित भर्तियों को शीघ्र पूरा करने जैसी मांगें शामिल थीं। कलेक्टर अशुंल गुप्ता ने कहा कि छात्रों की मांगों को गंभीरता से सुना गया है। उनके द्वारा सौंपा गया ज्ञापन शासन को अग्रेषित किया जाएगा। वे पूरी कोशिश करेंगे कि छात्रों की बात उचित स्तर तक पहुंचे।



विदिशा। कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे छात्रों ने कलेक्टर के आने के बाद उन्हे ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे दोहराईं।

### भर्ती प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी

छात्रों का कहना था कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई विभागों में साल से भर्ती नहीं निकाली गई है। जो भर्तियां निकलती हैं उनमें प्रक्रियाएं इतनी लंबी होती हैं कि छात्र ओवरएज हो जाते हैं। छात्रों ने मध्य प्रदेश की SI भर्ती का उदाहरण दिया जो आठ साल से लंबित है। इससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटका है। छात्र प्रतिनिधि ने बताया कि वे लगातार मेहनत करते हैं लेकिन भर्ती प्रक्रिया शुरू होने तक ओवरएज हो जाते हैं। उनकी मांग है कि सरकार हर साल भर्ती कैलेंडर जारी करे। इससे उन्हें तय समय पर तैयारी का अवसर मिलेगा। एसएससी, व्यापमं, रेलवे, पुलिस सभी में वर्षों से भर्ती अटकी पड़ी है।

## खबर संक्षेप

### तीन आरोपियों पर 2-2 हजार का इनाम घोषित

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के द्वारा फरार आरोपियों की सूचना देने वालो को दो-दो हजार का इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिविल लाइन में दर्ज अपराध के फरार आरोपियों में साईनाथ पाटिल, दत्ता नामदेवराव काले, परमेश पाटिल प्रोपराइटर डेनिम हब लाईफ स्टाईल प्रायवेट लिमिटेड हैदराबाद (तेलंगाना) की सूचना देने वाले को दो-दो हजार रुपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

### राजकुमार अग्रवाल बने जिला संयोजक

**विदिशा।** स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के जिला विचार प्रशिक्षण वर्ग में विदिशा विभाग के विभाग संयोजक



महिपाल सिंह राजपूत द्वारा क्षेत्र संगठन केशव दुबौलिया की अनुशंसा पर नवीन दायित्व की घोषणा की है। जिसमें राजकुमार अग्रवाल को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं गंजबासौदा के गल्ला व्यापारी सुखजीत काके एवं सिरोंज के चरण सिंह रघुवंशी को विभाग सह-संयोजक, बासौदा के रोहित अग्रवाल को जिला सह-संयोजक एवं गोविंद गुर्जर को त्यौदा तहसील का संपर्क प्रमुख बनाया गया है।

### नए मंडल रेल प्रबंधक से मिले कमलेश सेन



**विदिशा।** पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के नवपदस्थ मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पंकज त्यागी से रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति भोपाल मंडल के सदस्य कमलेश सेन ने मुलाकात की। इस अवसर पर सेन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री त्यागी को शुभकामनाएं दीं और मंडल में रेल यात्रियों के हित में सुविधाओं के विस्तार, संरक्षा, स्वच्छता एवं जनअपेक्षाओं की पूर्ति हेतु सकारात्मक नेतृत्व की अपेक्षा प्रकट की। श्री सेन ने विश्वास व्यक्त किया कि डीआरएम पंकज त्यागी के नेतृत्व में भोपाल मंडल रेलवे सेवा के हर स्तर पर नई दिशा और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा, जिससे आम यात्रियों को लाभ प्राप्त होंगे।

### मगधम स्कूल में इंटर हाउस चुनाव संपन्न छात्र परिषद् का गठन

**विदिशा।** मगधम इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस इलेक्शन हुआ। इस चुनावी प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रतिनिधियों का चयन पूर्ण पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ किया। यह पहल न सिर्फ नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करती है, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करती है। विद्यार्थी परिषद् के गठन में हेड बॉय सक्षम मीणा, हेड गर्ल अविका दुबे, कल्चरल कैप्टन निशा नागरवार, स्पोर्ट्स कैप्टन मयंक पिंजवानी को चुना गया। वहीं उपकप्तान अग्नि सदन, कप्तान दिशा शर्मा, वाइस कैप्टन ऋषिता कपूर, वायु सदन कप्तान सोमिल दुबे, वाइस कैप्टन काव्या कांसवा, पृथ्वी सदन कप्तान सेजल श्रीवास्तव,वाइस कैप्टन कृष्णा शर्मा, जल सदन कप्तान आरव गुप्ता, वाइस कैप्टन प्राची जाट को नियुक्त किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति रचना नायर ने कहा, कि यह चुनाव विद्यार्थियों में नेतृत्व, निर्णय क्षमता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

## जिला अस्पताल में डिलीवरी के दौरान महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला अस्पताल में मंगलवार को एक 22 साल की गर्भवती महिला की डिलीवरी के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान सिरोंज तहसील की रहने वाली सुमन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा किया। परिजनों के अनुसार, सुमन को प्रसव पीड़ा होने पर पहले सिरोंज अस्पताल ले जाया गया था। वहां से उसे विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पति अजब सिंह विश्वकर्मा का कहना है कि सिरोंज से रेफर करने के बाद विदिशा अस्पताल में कोई सही से देखने नहीं आया। उनका आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से पहले बच्चा शांत हुआ और फिर पत्नी की भी मौत हो गई।

### बच्चे की मौत के बाद भी नॉर्मल डिलीवरी कराई

अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद सोनोग्राफी में गर्भस्थ शिशु मृत पाया गया। डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलीवरी की



प्रक्रिया शुरू की। इसी दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका के पिता अमर सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी बेटी को रात में भर्ती किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने गंभीरता से इलाज नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब बताया गया कि बच्चा पेट में शांत हो गया है, तब उन्होंने ऑपरेशन की मांग कि थी, लेकिन डॉक्टर नॉर्मल डिलीवरी की बात कहते रहे।

### डिलीवरी के दौरान आया कार्डियक अरेस्ट

सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा ने बताया कि महिला को भर्ती कर उसकी जांच की गई थी। सोनोग्राफी में भ्रूण मृत पाया गया था। रिपोर्ट में महिला की हालत क्रिटिकल थी। उसकी ब्लड रिपोर्ट और किडनी की स्थिति भी खराब पाई गई थी। डॉ. वर्मा के अनुसार डिलीवरी के दौरान महिला को कार्डियक अरेस्ट आया। उसे बचाने का पूरा प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए मेडिकल कॉलेज की टीम पोस्टमार्टम कर रही है।

## फंदे पर लटके युवक की पुलिस की तत्परता से बच गई जान



कुरवाई। फंदे पर लटके भगवान सिंह से घटना के संबंध में जानकारी लेती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

टेकूं गांव में भगवान सिंह पुत्र इमरत सिंह अहिरवार उम्र 45 साल निवासी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। लेकिन थाना कुरवाई के जवान वीरेंद्र सिंह धाकड़, चालक जीतेंद्र यादव की तत्परता से भगवान सिंह की जान बच गई।

टेकूं से 10 किमी दूर कुरवाई शासकीय अस्पताल तक की दूरी मात्र 7 मिनट में तय कर दोनों से उसे अस्पताल पहुंचाया। युवक की पत्नि मीना बाई ने बताया कि वह गांव में काम पर गई थी। घर पर 12 वर्ष का बालक अनिकेष और पति भगवान सिंह अकेले थे। पति ने घर में ही रस्सी से फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। बालक ने तत्काल छत पर से टीन हटाकर रस्सी काट दी और पुलिस को 100 डायल पर फोन लगा दिया। जानकारी पुलिस तक पहुंचने पर ड्यूटी पर तैनात जवान वीरेंद्र धाकड़ वाहन चालक को लेकर ग्राम टेकूं पहुंचे। तत्काल भगवान सिंह को सीपीआर देकर पुलिस वाहन से ही अस्पताल ले आए। ड्यूटी डाक्टर संयम जैन ने उपचार शुरू किया और उचित इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस की तत्परता की अस्पताल में उपस्थित सभी लोगों एवं परिजनों ने प्रशंसा की।

### पीएम फसल बीमा 14 तक अऋणी, 30 तक ऋणी कृषक कराएं

**विदिशा।** पीएम फसल बीमा के तहत 14 अगस्त तक अऋणी किसान व 30 अगस्त तक ऋणी किसान का फसल बीमा किया जाएगा। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि पीएम फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 में प्रत्येक बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति एमपी ऑनलाइन व बैंक के माध्यम से अऋणी किसान 14 अगस्त तक एवं ऋणी किसान 30 अगस्त तक अपनी अधिसूचित फसलों का फसल बीमा करा सकते हैं। उन्होंने अपील की है कि पीएम फसल बीमा योजना तहत अधिक से अधिक किसान फसल बीमा कराकर लाभ लें।

## बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना हुआ, ईआरओ और एईआरओ को भी अब दिया जाएगा मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।

आयोग ने पहली बार निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी को भी मानदेय देने का निर्णय लिया है। मतदाता सूची तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ निभाते हैं। इनकी मेहनत से ही सटीक और पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार होती हैं। बीएलओ की वार्षिक पारिश्रमिक राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपए कर दिया गया है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अब 1 हजार से बढ़ाकर 2 हजार रुपए कर दी गई है। बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक 12 हजार रुपए से बढ़ाकर 18 हजार रुपए किया गया है। इसके अलावा ईआरओ को अब 30 हजार रुपए और एईआरओ को 25 हजार रुपए का मानदेय मिलेगा। इससे पहले इन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता था। आयोग ने बिहार में शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को अतिरिक्त 6 हजार रुपए के विशेष प्रोत्साहन को भी मंजूरी दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह निर्णय उन चुनाव कर्मियों की प्रतिबद्धता को सम्मानित करता है, जो क्षेत्रीय स्तर पर सटीक मतदाता सूचियां बनाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। आयोग का यह कदम उनके कार्य का उचित सम्मान और प्रोत्साहन सुनिश्चित करेगा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत पौधे रोपे

**विदिशा।** जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर रोज पौधरोपण कार्य किया जा रहा है। इसी कडी के तहत मंगलवार को विदिशा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कागपुर में आज एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत पौध-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह बघेल, पूर्व उपाध्यक्ष वन विकास निगम राममोहन बघेल, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ समेत अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने सांस्कृतिक भवन कागपुर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागिता निभाई है। यहां पीपल आम अशोक सहित अन्य प्रजातियों के पौधे लगाएं गए।

## रमपुरा में बाढ़ से तबाह हुई सोयाबीन की फसल

**किसानों ने जनसुनवाई में ज्ञापन देकर मांगा मुआवजा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

ग्राम पंचायत खिरिया जागीर अंतर्गत ग्राम रमपुरा के किसानों को हाल ही में हुई भारी बारिश और बावना नदी में आई बाढ़ से गंभीर नुकसान उठाना पड़ा है।

27 से 30 जुलाई के बीच हुई मूसलाधार बारिश के चलते नदी और उसके सहायक नालों में उफान आ गया, जिससे खेतों में पानी भर गया और किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम रमपुरा के किसानों ने एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा और हल्का पटवारी से सर्वे करवा कर उचित मुआवजा और राहत राशि दिलाने की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि बाढ़ का पानी लगातार तीन दिनों तक खेतों में भरा रहा, जिससे लाखों रुपये की फसल का नुकसान हुआ है। किसानों ने ज्ञापन में आग्रह किया कि उनके नुकसान का त्वरित सर्वे करवा कर मुआवजा एवं राहत राशि स्वीकृत की जाए ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 में भी ग्राम रमपुरा में भीषण बाढ़ आई थी, जिसमें कई घर बह गए थे। ज्ञापन सौंपने वालों में राघवेंद्र शर्मा एडवोकेट, अंशुल कुमार, गणेशराम, भगवान सिंह, हिरदेश, कालूराम, चरणसिंह, राधेलाल, दलसिंह, फूलसिंह, ब्रजलाल, शिवराज, रूपसिंह सहित अनेक ग्रामीण किसान शामिल थे।

## जर्जर स्थिति में पाए गए 297 शाला भवनों को चिन्हित कर अब तक 167 स्कूल भवनों को ध्वस्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला शिक्षा केन्द्र अंतर्गत संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों का संपूर्ण जिले में समस्त विभागों के 80 उपयंत्रियों के माध्यम से सर्वे कराया गया था। सर्वे में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पाए गए 297 शाला भवनों का चिन्हांकन किया जाकर लोक निर्माण विभाग को अंतिम परीक्षण हेतु सूची सौंपी गई है। लोक निर्माण द्वारा भी परीक्षण के बाद 297 शाला भवनों की पूर्णतः या अंतिम रूप से जीर्णशीर्ण प्रमाणित किए जाने पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये हैं। इन जीर्ण-शीर्ण घोषित शाला भवनों को खतरनाक मानकर बच्चों को बैठाया जाना वर्जित किया गया है। इन भवनों के स्थान पर शाला में उपलब्ध अन्य कक्षों या अन्य शासकीय भवन अथवा अन्य किराये के भवन का उपयोग किया जा रहा है तथा जीर्ण शीर्ण शाला भवन को ध्वस्त किया जा रहा है। वर्तमान में 167 शाला भवनों का ध्वस्तीकरण हो चुका है।

### ग्रामीणों ने की राशन दुकान की जांच की मांग

**विदिशा।** ग्राम पंचायत ललितपुर के ग्राम मदागन करेरा में राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा। सौरभ सिंह, विक्रम यादव, परमाल सिंह, अर्जुन सिंह समेत कई ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया है कि राशन संचालक संतराम यादव पर अनियमितताओं का आरोप लगाया। ग्रामीणों के अनुसार राशन दुकान संचालक पिछले पांच माह से राशन वितरण नहीं कर रहा। संचालक समय पर दुकान नहीं खोलता और उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार करता है। विरोध करने पर बीपीएल धारकों को झूठे आपराधिक केस में फंसाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संचालक फोन पर केवाईसी के बहाने घर-घर जाकर फिंगर प्रिंट लेता है और अगले महीने राशन में घोटाला करता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि संचालक की लैपटॉप और फिंगर मशीन की निष्पक्ष जांच हो। ग्रामीणों ने कलेक्टर से राशन दुकान संचालक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**इस्कॉन में ब्रह्मचारी आश्रम में पूर्ण जीवन समर्पित करने की जानकारी साझा की**

## इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष श्रीपाद बृजेंद्र कृष्ण प्रभु ने तनाव व कठिनाईयों से निपटने सरकारी अफसरों को बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष श्रीपाद बृजेंद्र कृष्ण प्रभु को कलेक्टर ऑफिस में आमंत्रित किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

श्रीपाद बृजेंद्र कृष्ण प्रभु ने शुरू में अपनी शैक्षणिक योग्यताओं पर प्रकाश डाला। उसके बाद इस्कॉन में ब्रह्मचारी आश्रम में पूर्ण जीवन को समर्पित करने पर केंद्र जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि हमारा मन कई बार नकारात्मक विचारों से विचलित हो जाता है। कैसे एक अस्वस्थ मन हमें अनुचित प्रतिस्पर्धा में लगा देता है, मिथ्या अहंकार द्वारा हम कई बार गलत निर्णय ले लेते हैं। यदी हम मन के ढांचे को सुधार ले तो हम प्रसन्नता से अपना जीवन जी सकते हैं। मन हमारा सबसे बड़ा शत्रु भी होता है एवं सबसे बड़ा मित्र भी होता है अगर हम मन का प्रयोग सही तरह से करना सीख गए तो हम बहुत सुकून, शांति एवं आनंद से जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा शरीर के साथ-साथ में हमें अपने मन का भी ध्यान रखना होता है। अगर शरीर स्वस्थ है एवं मन संतुष्ट है तो हम जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं एवं सभी चुनौतियों का सामना आसानी से कर सकते हैं।




विदिशा। अफसरों को तनाव दूर करने और कठिनाईयों से निपटने दिए टिप्स।

### यह सूत्र बताएं

श्रीपाद बृजेंद्र कृष्ण प्रभु कहा कि मानसिक संतुलन हर क्षेत्र में आवश्यक है। अगर हम अपने मानसिक ढांचे को सुधार लेते हैं तो हम बहुत ही ज्यादा ऊर्जा के साथ कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बताया की हम अपने परिवार के साथ ज्यादा समय अगर ना भी बिता पाए तो जब भी हम परिवार के साथ रहे एक अच्छा व मधुर समय साथ बिताए व रिश्ते में सामंजस्य को बढाए, प्रेम, सम्मान, विश्वास यह ऐसी चीज है कि हम अपनी व्यस्तता में भी इन तीन के माध्यम से मधुर संबंध बनाकर रख सकते हैं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3155
सुजाता
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2775
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2550
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5970
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-9710
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3542
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3490
उच्चतम भाव-4851
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8420
मूंग
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-7370
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2870
उड़द
न्यूनतम भाव-4080
उच्चतम भाव-6040
बटरी
न्यूनतम भाव-3160
उच्चतम भाव-3550
धनिया
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-6360

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 9648 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### नेत्र शिविर संपन्न

**गंजबासौदा।** नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा तथा सेवा भावी संस्था दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ के अध्यक्ष योगेश भाई शाह के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, रविंद्र रघुवंशी, रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 93 मरीजों की ओपीडी की। 26 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 33 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 24 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, विनीत अरोरा, दयाशंकर जायसवाल, राधेश्याम साहू, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी,राजकुमार मलकानी, प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता, हेमंत राय, देवी प्रसाद भावसार, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, सुरेश चंद्र जैन, जितेंद्र दांगी, देवी लाल कुशवाह, रामबाबू दुबे, दिलीप खिलवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सिटी पुलिस ने कुछ ही घंटों में बालक को बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस की तत्परता से लापता 4 वर्षीय बालक कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ने शहर थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके 4 वर्षीय भतीजा नया बस स्टैण्ड क्षेत्र में घूमते समय अचानक लापता हो गया। सूचना मिलते ही थाना बासौदा शहर पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बच्चे की तलाश प्रारंभ कर दी। खोजबीन के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति बच्चे को लेकर भाग रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे स्वयं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सर्च ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए घेराबंदी कर बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी जितेन्द्र अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी बेदनखेड़ी टपरिया को हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2), 142, 96 बीएनएस एवं धारा 7/8, 18 पोस्को एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। जिसमें कोतवाली टीआई संजय वेदिया, देहात टीआई मनोज दुबे, सियाराम शर्मा, अभिषेक शुक्ला, सतीश तिवारी, सुमित अवस्थी, अनिल यादव, टीकम यादव, अरुण छारी, शिवा शर्मा, आकाश राणा, भूपेन्द्र चौबे, राकेश रावत की उल्लेखनीय भूमिका रही।



## बंद रास्ता खोलने विधायक नपाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ किया दौरा

# वार्ड क्रमांक 1,2 का रास्ता शिवमंदिर के पास से खोलने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर के वार्ड क्रमांक 1 मछली मार्केट का रास्ता रेलवे प्रशासन ने गत वर्ष बाउंड्रीवॉल बनाकर बंद कर दिया था। जिससे वार्ड नंबर एक , दो और तीन के रहवासी रेलवे स्टेशन से कट गए थे और काफी घूम कर आते जाते थे। जिसके चलते वहां के निवासियों ने गत 6 जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री एवं कृषि कल्याण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नगरागमन पर उन्हें रास्ता खुलवाए जाने के लिए एक ज्ञापन देकर रास्ता खोले जाने की मांग की थी।

जिसके बाद केन्द्रीय मंत्री ने पत्र के माध्यम से रेलवे को रास्ता खुलवाए जाने के लिए लिखा था। जिस पर मंगलवार को रेलवे के अधिकारी कर्मचारियों ने क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन में मछली मार्केट वार्ड क्रमांक 1 में जाकर वहां का मौका मुआयना किया और वार्ड वासियों के साथ चर्चा की और रास्ता कहां से खोला जाना चाहिए, इसको लेकर विचार विमर्श किया गया। वार्डवासियों से सुझाव लिए गए कि आवागमन कैसे और कहां से शुरू किया जा सकता है। इस को लेकर सभी ने वार्ड वासियों के साथ निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर वार्ड नंबर एक की पार्षद मंजू कुशवाहा, वार्ड नंबर 2 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, वार्ड 3 के पार्षद सौदान सिंह यादव और वार्डवासी उपस्थित रहे। इस दौरान पुरानी कलारी वाली गली शिव मंदिर के पास से गली खोलने को लेकर सहमति बनी। अब शीघ्र ही वार्ड क्र 1,2,3 के नागरिको का आवागमन सुगम हो सकेगा। इस पहल एवं कार्रवाई से वार्ड वासियों में खुशी का माहौल था और उन्होंने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित रेल प्रशासन का आभार माना है।

यहां उल्लेखनीय है कि रेलवे की बाउंड्रीवाल बनने से वार्ड क्रमांक 1 में मछली मार्केट, शिवमंदिर एवं पुरानी कलारी वाली गली, मधुवन लॉज के पीछे वाली गली सहित अन्य गलियों के रास्ते बंद हो गए थे। जिससे वार्ड क्रमांक 1 ,2 और 3 के रहवासियों ही नहीं, बल्कि इन गलियों से होकर रेलवे स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों को भी परेशानी हो रही थी। नागरिकों की परेशानी को देखते हुए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने रेलवे अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। अब नागरिकों की परेशानी शीघ्र दूर हो सकेगी।

# रासेयो इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर का संयुक्त कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा संयुक्त रूप से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधिक शिक्षा समिति एवं अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित विधिक शिक्षा समिति के कैंप का भी आयोजन किया गया।

यह कैंप हर साल कृषि महाविद्यालय में आयोजित किया जाता है, जिसके अंतर्गत छात्रों को न्यायालय में दिन प्रतिदिन घटने वाली घटनाएं, उनकी विवेचना तथा आज के समय में विभिन्न लोगों के साथ मोबाइल के माध्यम से होने वाले फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने छात्रों को ओटीपी शेयर ना करने पर जोर दिया तथा मोबाइल के प्रयोग के उपयोग तथा उससे होने वाली फ्रॉड के बारे में छात्रों को समस्त जानकारी दी गई , साथ ही छात्रों को बताया गया कि आपका आइडेंटी कार्ड से कितने सिम जुड़े हुए कितने मोबाइल अन्य संचालित हो रहे हैं। उसमें फेसबुक से फ्रोडनेस कैसे होती है, व्हाट्सएप से फ्रोडनेस कैसे होती है आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश प्रथम श्रेणी व्यवहार दीक्षा प्रसाद उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां देते हुए विधिक शिक्षा समिति के माध्यम से जन जागरूकता संबंधी विभिन्न बातों का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के रुप में एडवोकेट शेर सिंह , राजेश सक्सेना, सुनील बाबू पिंगले एवं अन्य संस्थाओं के अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण कुमार जगा जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। जिसमें एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पौधों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई से अपर्णा जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पटेल, डॉ. कैलाश चंद महाजन सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे। अंत में आभार कैप्टन डॉ. सतीश शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

# निशुल्क नेत्र शिविर में हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर सुनील बाबू पिंगले वार्षिक जन्मोत्सव समिति के संकल्प के अनुरूप 11 वां रचनात्मक कार्यक्रम नेत्र शिविर का आयोजन स्वर्गीय तनुज एलिया की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमें डॉ. अनिल पटेल, डॉ. राजकरण वर्मा, अभिषेक जादौन, नीलम जादौन ने लगभग 203 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। वहीं 107 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया। 39 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया गया और 27 लोगों को चश्मे वितरित किए गए, 33 लोगों को चश्मे के नंबर निकाले गए। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी। कार्यक्रम को गणेश राम रघुवंशी, डॉ. ए.के. जैन ने संबोधित किया। शिविर में डॉ. अनिल पटेल, कैंप प्रभारी गोलू राठौर, रणवीर सिंह बघेल, डॉ. राजकरण वर्मा, नीलम सिंह जादौन, अभिषेक जादौन का पुष्पहार एवं शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। राजेश सक्सेना, दीपक शर्मा, कपिल शर्मा, विनोद सिंह राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर हेमंत भंडारी, सरदार सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने सहयोग दिया। शिविर में सरपंच सुनीता एलिया ने सभी डॉक्टर्स एवं मरीजों का सम्मान किया। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

# अनेक वार्डों में हुई साफ, सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगरपालिका सफाई अमले द्वारा मंगलवार को नगर के अनेक वार्डों में साफ, सफाई की गई। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि वार्ड क्रमांक 7 सुभाष निकेतन वाली गली में वर्षा काल के पूर्व से ही नालियां जो गंदगी से जाम पड़ी थी, उसको साफ कराया गया और वार्ड का भ्रमण किया गया। सुभाष निकेतन वाली गली, राजपूत कॉलोनी की नालियों को साफ कराया गया। इस मौके पर संतोष सफाई दरोगा, सुदामा मेट, स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा मौजूद रहे। वहीं वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर, दुर्गा मंदिर के सामने वाले प्लाट की सफाई कर्मचारियों द्वारा कराई गई। जिसकी सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी उसका निराकरण कराया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद, सभापति, अभिषेक श्रीवास्तव, स्वास्थ्य निरीक्षक प्रभारी आर के नेमा, संतोष दरोगा, विनोद कुमार प्रभारी मेट मौजूद रहे।

# अपहृत बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक बालक, बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। जिसमें विगत 8 माह से गुम अपहृत नाबालिग बालिका थाना त्योंदा को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दिसम्बर 24 को एक ग्राम के निवासी फरियादी सुनील ने उसकी नाबालिक भतीजी को घर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कहीं ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। अनुसंधान के दौरान अपहता की दस्तयाबी के लगातार प्रयास किए गए। जिसके फलस्वरूप नाबालिक अपहता को लगभग 8 माह बाद दिनांक 23 जुलाई 25 को थाना त्योंदा पुलिस टीम द्वारा त्योंदा परिसर में दस्तयाब कर न्यायालय में कथन हेतु पेश किया गया एवं दस्तयाबी के बाद नाबालिक बालिका को उसके चाचा को सही सलामत सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में त्योंदा थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी, गौरीशंकर राजपूत , उदय जकाते, रविन्द्र तोमर, सुभाष चंद्र , हरिक्रेश तोमर, राहुल भास्करे की अहम भूमिका रही ।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए 8 तक होंगे आवेदन

गंजबासौदा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वर्ष 2025 में नगर पालिका परिषद में आगामी 8 अगस्त तक आवेदन जमा किए जा सकेंगे। इस योजना में तीर्थ यात्रियों को आगामी 13 अगस्त से 18 अगस्त तक वाराणसी, अयोध्या की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। इस योजना में पात्रता के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या अधिक होना चाहिए और वह आयकर दाता नहीं होना चाहिए। आवेदक आधार कार्ड, समग्र आईडी, राशन कार्ड, दो पासपोर्ट फोटो, मोबाइल नंबर, चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के साथ आवेदन नपा कार्यालय में जमा करें।

### धूप से मिली राहत

गंजबासौदा। मंगलवार को इलाके में दिनभर तेज धूप निकलती रही और लोगों को लंबे समय बाद बारिश के मौसम में धूप निकलने से राहत मिली।

### तनु अग्रवाल को मिला सिल्वर मेडल



गंजबासौदा। शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट की अंडर ऑफिसर तनु अग्रवाल, बीएससी तृतीय वर्ष ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित थल सेना कैंप ईजीसी 1 के अंतर्गत मेप रीडिंग कैटिगरी में सिल्वर मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने बधाई दी। उल्लेखनीय है कि एमपी 14 बटालियन, अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता का सहयोग प्राप्त हुआ है। उनके कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय के कैडेट्स आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी मनीष दुबे के मार्गदर्शन में एनसीसी इकाई कार्य कर रही है। गौरतलब है कि इसके बाद तनु को अगले स्तर के लिए प्री थल सेना कैंप हेतु पुनः रायपुर जाना है।

## जीवाजीपुर स्थित आश्रम में श्रावण मास में हो रहा शिवलिंग निर्माण

# वेदांत आश्रम में हुआ शिवलिंग निर्माण, पूजन अर्चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज द्वारा संचालित वेदान्त आश्रम में मंगलवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अभिषेक पूजन-अर्चन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आश्रम में श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित हुए अभिषेक में पहलवान सिंह राजपूत और शिवा सिंह राजपूत नवांकुर विद्यालय मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार और शिवमहिमा के दिव्य प्रसंगों के बीच पार्थिव शिवलिंग अभिषेक, महादेव के आठ स्वरूपों की कथा ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। आश्रम में शिवपूजन के दौरान महंत हरिहर दास महाराज ने शिव महापुराण में वर्णित वायु पुराण पर आधारित कथा में महादेव के आठ स्वरूपों की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा जी ने कैसे एक समय पुत्र की इच्छा से ध्यानस्थ होकर तप किया और तभी उनकी गोद में एक तेजस्वी, नील लोहित वर्ण का बालक प्रकट हुआ।

वह बालक अग्नि के समान दीप्तिमान था और लगातार रुदन कर रहा था। ब्रह्मा जी ने उससे रुदन का कारण पूछा, तो उसने उत्तर दिया हे पितामह पहले मेरा नामकरण कीजिए। इसके बाद ब्रह्मा जी ने उसके आठ नाम रखे, लेकिन हर बार वह फिर से रोने लगता। आठ बार नामकरण कर ब्रह्मा ने महादेव के आठ स्वरूप रखे उनमें रुद्र, भव, ईशान, पशुपति, भीम, उग्र, महादेव और शर्व शामिल हैं। हर नाम के साथ बालक रुद्र ने पुनः रुदन किया और अगला नाम माँगा। अंततः आठ नामों के साथ ही आठ शरीरों की रचना हुई, जो महादेव के आधार तत्व माने गए हैं। महाराज ने इन आठ स्वरूपों की महत्ता और तत्व ज्ञान को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये आठ तत्व सूर्य, जल, पृथ्वी, अग्नि, वायु, आकाश, ब्राह्मण और चंद्र ये महादेव के शरीर हैं। इनकी पूजा करना, इनकी रक्षा करना शिव की सेवा के समतुल्य है। जो व्यक्ति इन रूपों की उपासना करता है, वह ना केवल धार्मिक लाभ, बल्कि सांसारिक सुख और मोक्ष प्राप्त करता है।

उन्होंने आगे कहा कि आज प्रकृति का दोहन और अपमान ही मानवता के संकट का कारण है। यदि हम इन तत्वों को देवस्वरूप मानें, तो विश्व में संतुलन और शांति बनी रह सकती है। प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर कथा का रसास्वादन करते रहे। कथा के अंत में महाराज ने उपस्थित जनों को शिव भक्ति में स्थिर रहने, प्रकृति का सम्मान करने और संयमित जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# कारगिल विजय दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई से 8 अगस्त के मध्य के विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा संक्षेप में व्याख्यान विद्यार्थियों को दिया गया। उन्होंने बताया कि युद्ध में भारतीय सेना ने विजय हासिल की तथा उन्होंने बच्चों को देश के लिए समर्पित रहने तथा अपने-अपने क्षेत्र में उत्तम प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी घनश्याम चौकसे द्वारा कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कारगिल युद्ध में हुए विभिन्न घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। इसके पश्चात मनीष दुबे द्वारा विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से युद्ध में किस प्रकार भारतीय सेवा द्वारा ऑपरेशन चला कर यह युद्ध भारतीय सेना ने जीता, जिसमें भारतीय सेना व राजनीति के संयुक्त प्रभावी सहयोग के माध्यम से यह युद्ध जीता गया। इसके पश्चात डॉ. विकास द्वारा विद्यार्थियों के बीच कारगिल विजय दिवस पर विशेष निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. हरिनारायण विश्वकर्मा द्वारा द्वारा चित्र एवं पोस्ट व स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। इस कार्यक्रम में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. कंचन वैद्य, डॉ. विजय शाक्य, डॉ. साबिया मंसूरी, सौरभ विश्वकर्मा सहित 56 विद्यार्थी शामिल हुए। इस आयोजन में एनएसएस के स्वयंसेवक अंजलि झा, पुष्पेंद्र रैकवार, हर्ष राठौर, धर्मेन्द्र गुर्जर, पीयूष कुशवाह, शिवराज खंगार ने सराहनीय भूमिका निभाई।

**NAME CHANGE**

It is hereby notified to the general public that I Bharat Singh Address Village Khairai Thana-Post-Tehsil-Nateran Dist- Vidisha Madhya Pradesh Pin-464258 Father and I Mamta Raghuwanshi Mother of No 21020165L Havildar (Clerk) Ankit Raghuwanshi address same as above. He is serving in Indian Army. In the service records of our son our names are wrongly entered as Bharat Singh Raghuwanshi and Mamata Raghuwanshi but our actual names are Bharat Singh and Mamta Raghuwanshi as in all our respective records.

भवदिय रूचि जैन (एडवोकेट)
मों. 9713592707

## सीएम राईज विद्यालय में विगनर्स कोर्स का आयोजन

# स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण देशभक्ति, सेवा और अनुशासन पर रहता है केंद्रितः चतुर्वेदी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शासकीय सीएम राईज विद्यालय में मंगलवार को विगनर्स कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें विकास खण्ड सिरोंज में 25 प्रशिक्षणो ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर शिविर का संचालन करते हुए भारत स्काउट गाइड जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी ने स्काउट गाइड की उत्पत्ति,भारत में प्रचार प्रसार के बारे में जानकारी दी।

उन्होने विगनर्स कोर्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग में एक शुरुआती प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो युवाओं को आत्म-अनुशासन, समाज सेवा और देशभक्ति जैसे मूल्यों को सिखाने पर केंद्रित है। यह कोर्स स्वयंसेवकों को स्काउटिंग के बुनियादी सिद्धांतों, नियमों, और उद्देश्यों से परिचित कराता है। साथ ही जीवन में स्काउटिंग-गाइडिंग की बहुत उपयोगिता है। यह युवाओं में आत्मविश्वास, आत्म-सम्मान, और महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित करने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, टीम वर्क, नेतृत्व, सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देता है। स्काउटिंग-गाइडिंग युवाओं को बाहरी रोमांच, शिक्षा, और मनोरंजन के अवसर देता है।

### शिक्षकों और छात्रों को एडवांसमेंट के बारे में दी जानकारी

*इस अवसर पर कार्यक्रम में डी.ओ.सी गाइड श्रीमती अनीता पटले ने शिक्षको व विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एडवांसमेंट के उन्न्यन का महत्व बताते हुए कहा कि एडवांसमेंट उन्नयन का मतलब है, उनकी क्षमताओं, ज्ञान और कौशल को बेहतर बनाना। छात्रों के लिए, इसका मतलब है बेहतर सीखने के परिणाम, अधिक आत्मविश्वास और भविष्य के लिए बेहतर तैयारी। शिक्षकों के लिए, इसका मतलब है बेहतर शिक्षण विधियों, कक्षा प्रबंधन कौशल और छात्रों के साथ अधिक प्रभावी ढंग से जुड़ना। एडवांसमेंट एक सतत प्रक्रिया है जो बच्चों और शिक्षकों दोनों के लिए फायदेमंद है। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी बच्चे और शिक्षक अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें, यह आवश्यक है कि हम उन्हें लगातार सीखने और विकसित होने के अवसर प्रदान करें। तो वही हरिहर चतुर्वेदी ने कोरोना काल के समय एवं राष्ट्रीय आपदाओं में समय-समय पर विद्यालय में उपयोगिता के बारे जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार ने बताया कि विद्यालय में स्काउट गाइड किस तरह राष्ट्रीय कार्यक्रमों में समय-समय पर सहभागिता करते है। इसी अवसर पर जिला संगठक एवं जिला सचिव ने निर्मला कान्वेंट एवं ईसान इंटरनेशनल स्कूल की विजिट कर छात्र छात्राओं को स्काउट् गाइड के बारे मै प्रारंभिक जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम में श्रीमती फरहतुन्ननीसा खान,श्रीमती ज्योति यादव,वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर ने कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा कर जीवन में स्काउटिंग गाईडिंग की उपयोगिता के बारे में बताया।*

### नए कौशल सीखना,ज्ञान प्राप्त करना और अपनी क्षमताओं को बढ़ाना एडवांसमेंट का मतलब

*इस मौके पर सेवानिवित स्काउटर विजय लाहौरी ने एडवांसमेंट होने बाले लाभ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एडवांसमेंट का अर्थ है आगे बढ़ना या उन्नति करना। इसके कई लाभ हो सकते हैं, जैसे कि व्यक्तिगत विकास,करियर में प्रगति, बेहतर जीवन स्तर, और समाज में योगदान। एडवांसमेंट का मतलब है नए कौशल सीखना, ज्ञान प्राप्त करना, और अपनी क्षमताओं को बढ़ाना। इससे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और व्यक्ति अधिक सक्षम महसूस करता है। साथ ही बेहतर नौकरी के अवसर, उच्च पद, और बेहतर वेतन प्राप्त हो सकता है। इससे करियर में संतुष्टि और सफलता मिलती है। तो वही आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, जिससे बेहतर जीवन स्तर प्राप्त होता है। इसमें बेहतर आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, और जीवनशैली शामिल हैं। जब व्यक्ति अपने जीवन में आगे बढ़ता है, तो वह समाज के लिए भी सकारात्मक योगदान कर सकता है। वह दूसरों को प्रेरित कर सकता है, ज्ञान और कौशल साझा कर सकता है, और सामाजिक मुद्दों को हल करने में मदद कर सकता है। उन्होने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता है और जीवन में आगे बढ़ता है, तो उसका आत्म-सम्मान बढ़ता है। वह खुद को अधिक सक्षम और मूल्यवान महसूस करता है। वही नौकरी में अधिक संतुष्टि मिलती है। जब कोई व्यक्ति अपने काम में प्रगति करता है, तो उसे अपने काम में अधिक अर्थ और उद्देश्य मिलता है। एडवांसमेंट से जीवन में अधिक स्थिरता आती है। जब कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से सुरक्षित होता है और अपने करियर में प्रगति करता है, तो वह अधिक स्थिर महसूस करता है।*

# इस वर्ष बाबा का जलाभिषेक करने पहुंचे लाखों की संख्या में श्रद्धालु

## प्रशासनिक अधिकारियों का समिति ने किया आभार व्यक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सावन माह के प्रत्येक सोमवार को तीर्थ क्षेत्र धाम देवपरु में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए प्रतिवर्ष लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड देखी जाती है। इस वर्ष भी सिरोंज, आरोन, गुना, विदिशा, भोपाल, कुरवाई, अशोक नगर सहित अनेको शहरो से बाबा के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए लाखो श्रद्धालुओं की भीड देवपुर धाम में लगी रही। तो वही देवपुर धाम आने वाले श्रद्धालुओ को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए समिति सदस्य व प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी दिन रात व्यवस्थाओं में लगें रहे। साथ ही प्रशासन के प्रत्येक विभाग से अधिकारी कर्मचारी प्रत्येक सोमवार को देवपुर धाम में अपनी सेवाएं देते नजर आए। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा यातायात व्यवस्था व श्रद्धालुओं को लाइन में लगाकर दर्शन कराना आदि व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

### देवपुर धाम पर रही धूम

सावन के प्रत्येक सोमवार को देवपुर धाम में व्यवस्थाओं में समिति का सहयोग के लिए प्रशासन का विशेष सहयोग प्रदान हुआ। जिसको लेकर समिति के सदस्यो द्वारा प्रशासनिक अधिकारियो का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर समिति के सदस्य एंव सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन राजपूत ने कहा कि इस बार सावन के चार सोमवार पूरे हो गए सावन के पहले सोमवार से समिति एवं प्रशासन ने देवपुर में आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई आ सुविधा न हो ऐसे पूरे प्रयास किये। तो वही समिति को सिरोंज प्रशासन के सभी विभागों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होने कहा कि पिछले एक महीने से एसडीएम हर्षल चौधरी,पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डावर,थाना प्रभारी पंकज गीते सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने पूरे समय देवपुर धाम में बाबा विश्वनाथ की सेवा में दिया। तब जाकर इतनी बेहतर व्यवस्थाएं बन पाई। साथ ही समिति एवं प्रशासन का सभी भक्तों ने भी काफी सहयोग किया है। वही उन्होने सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं समिति सदस्य व भक्तों का आभार व्यक्त किया।



# अमानक स्तर पर उपयोग की जा रही पॉलीथिन की जांच में नपा ने दुकानदारों पर की चालानी कार्रवाई



**सिरोंज।** नगर में अमानक स्तर पर उपयोग की जा रही पॉलिथीन की जांच हेतु नपा की टीम द्वारा समस्त दुकानदारों की जांच की गई। जिसमें कोर्ट गेट बाजार क्षेत्र से लगभग 2 किलो सिंगल यूज पॉलिथीन जप्त कर 1700 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही समस्त दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने हेतु चेतावनी दी गई। इस दौरान जांच में स्वच्छता निरीक्षक मनीष कुमार,राहुल करोसिया,राजेश घेंघट,राज किरण,संदीप पवार आदि कर्मचारी शामिल रहे।



# श्रमण संस्कृति द्वादशवर्ती स्वाध्याय पाठ्यक्रम के तहत प्रथम वर्ष से सप्तम वर्ष तक की परीक्षा का 2 को परिणाम जारी

**सिरोंज।** श्री दिगंबर जैन श्रवण संस्कृत संस्थान सांगानेर द्वारा श्रमण संस्कृति द्वादशवर्ती स्वाध्याय पाठ्यक्रम के तहत नगर के 108 से चंद्रप्रभु जिनालय कठाली बाजार में मार्च माह 2025 में प्रथम वर्ष से सप्तम वर्ष तक की परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें नगर के 61 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। इस परीक्षा के लिए सांगानेर से भैया पधारे थे। उनके निर्देशन में परीक्षा की सम्पन्न गई थी। जिसका परिणाम 2 अगस्त 2025 को घोषित किया गया और सभी परीक्षार्थियों उक्त परीक्षा में सफल हुए। तो वही अखिल भारत वर्षीय दिव्य देशना महिला परिषद सिरोंज सोमा संभाग के 25 सदस्य सम्मिलित हुए थें। जिसमें प्रथम वर्ष में रानी जैन एंव श्रीमती ज्योति जैन प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ष में श्रीमती रश्मि जैन,तृतीय वर्ष में विनीत जैन,चौथे वर्ष में प्रीति वासल ने पंचम वर्ष में आकांक्षा जैन षष्टम वर्ष मे देवेंद्र कुमार,सप्तम वर्ष में सुरूचि जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## कराखेड़ी स्कूल में बच्चों को साइकिल वितरण



**विदिशा।** शासकीय एकीकृत हाई स्कूल कराखेड़ी में कक्षा 6 एवं 9 के बच्चों को साईकिल वितरण किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य सुनील दांगी एवं सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र दांगी प्र प्राचार्य मनोज माली व स्टाप के सदस्य उपस्थित रहे।

## एसडीएम मनोज उपाध्याय का विदाई देकर किया सम्मान



**ग्यारसपुर।** अभिभाषक संघ ग्यारसपुर द्वारा एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय को रायसेन में अपर कलेक्टर पद पर पदोन्नति होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यकाल की सराहना की गई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि उपाध्याय ने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का कुशलता से निर्वहन करते हुए क्षेत्र की जनता में एक सकारात्मक छवि बनाई। उन्होंने जनहित में त्वरित निर्णय लेते हुए समस्याओं का समाधान किया।

## मालवीय उद्यान में किया पौधरोपण




**विदिशा।** जिला महिला इकाई के तत्वाधान में मालवीय उद्यान में पौधरोपण किया गया। जिसमें जिला महिला इकाई की संरक्षक ज्योति शाह, अध्यक्ष सुनीता सोनी, जिला प्रभारी अंजू मित्तल, महामंत्री मंजू चौरसिया, उपाध्यक्ष लीना शाह, मिथलेश साहू, रेखा राठी एवं रितु मालपानी द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधे रोपे। साथ ही स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में स्वदेशी वस्तुएं अपनाने हेतु सभी के द्वारा शपथ ली गई। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश सचिव केएन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अवनेश जैन, उपाध्यक्ष सुनील जैन, सह महामंत्री रामानंद मोर्य, जिला युवा इकाई अध्यक्ष विपिन जैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धार्थ जैन एवं अनिल शाह विशेष रूप से मौजूद रहे।

## पुत्रदा एकादशी पर की उदयगिरि परिक्रमा



**विदिशा।** मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा आयोजित होने वाली उदयगिरि परिक्रमा मंगलवार को पुत्रदा एकादशी के पावन पर्व पर प्रातः 6 बजे वेंकटेश बालाजी मंदिर पर ध्वज पूजन कर प्रारंभ हुई। जो माता वेत्रवती के विभिन्न घाटों पर स्थित मंदिरों का पूजन कर उदयगिरि पर पहुंचकर नरसिंहसिला भैरव बाबा शिव जी का पूजन कर चरण तीर्थ पर भगवान शिव का पूजन कर 2 बजे वेंकटेश बालाजी मंदिर पर आकर विश्राम को प्राप्त हुई। परिक्रमा में प्रमुख रूप से शैलेंद्र मोड़, गजेंद्र प्रताप सिंह , रघुवर दयाल उपाध्याय, सरपंच सोनू कुशवाह, सरदार कुशवाह, नेतराम कुशवाह, हर प्रसाद, देवीराम साहू, कल्याण सिंह, नीरज कुशवाह, विनोद श्रीवास्तव, विकास कुशवाह, सज्जन सिंह यादव, भुजबल विश्वकर्मा, खुमान सिंह कुशवाह, रामगिरी महेंद्र सिंह आदि भक्त शामिल हुए। परिक्रमा का उद्देश्य विदिशा की धार्मिक धरोहर का संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण है। इस अवसर पर जटाशंकर चौराहे पर भक्तों द्वारा पौधरोपण भी किया गया एवं पर्यावरण की दृष्टि से लोगों से पॉलिथीन उपयोग न करने का भी संदेश दिया गया। परिक्रमा के संचालक पंडित संजय पुरोहित द्वारा यह जानकारी दी गई।

# समाज के उत्थान के लिए शिक्षित होना बेहद जरूरीः प्रदेशाध्यक्ष मनोहर लाल

## मेहर समाज के सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष ने धर्मशाला निर्माण के लिए 1 लाख दिए




हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

मेहर समाज का बापू मालदेव राणा जी की 141 वी जयंती के उपलक्ष्य में मेहर समाज धर्मशाला में सम्मेलन हुआ।

मेहर समाज प्रदेश अध्यक्ष मनोहर लाल मेहर ने कहा कि समाज को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है ताकि विकास और प्रगति हासिल की जा सके। एकता और संगठन के बिना, विकास संभव नहीं है। प्रदेश उपाध्यक्ष राम भाई मेहर ने कहा कि राजनीति में अहम भूमिका निभाने के लिए समाज के लोगों को संगठित होने की आवश्यकता है। इससे उचित स्थान मिल सकेगा। समाज के लोग जब एकजुट रहेंगे, तभी उन्हें उनका अधिकार मिलेगा। समाज में एक अलग पहचान बनानी चाहिए।

रिटायर्ड तहसीलदार प्रयाग सिंह मेहर ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सभी का शिक्षित होना जरूरी है। जब हमारे बच्चे शिक्षित होकर अच्छे पद पर पहुंचेंगे, तभी समाज का विकास होगा। समाजसेवी कमलेश मेहर ने कहा कि समाज के सभी प्रबुद्धजनों और युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने और अगली पीढ़ी को सही मार्गदर्शन देने का आह्वान किया। इस अवसर पर किशन लाल मेहर, मोहन सिंह,मुकेश मेहर,शैतान सिंह, दयाराम मेहर, मुंशीलाल, पप्पू मेहर, राजू मेहर सरपंच, गोवर्धन मेहर शिक्षक, पार्षद दीपक मेहर, देवी सिंह, लेखराम, अरविन्द, सज्जन सिंह, प्रवीण कुमार, नीतेश मेहर, प्रदीप मेहर, पंकज मेहर ,मुकेश मेहर सरपंच,सोनू मेहर , शमशाबाद मेहर समाज अध्यक्ष मनोज मेहर सहित बैरसिया, भोपाल विदिशा समाज के लोग शामिल हुए।

## पाल हीरो पर देश की सबसे भरोसेमंद बाइकों में से 1 HF डीलक्स प्रो लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

दोपहिया वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरोमोटोकॉर्प के स्थानीय डीलर पाल हीरो पर देश की सबसे भरोसेमंद बाइकों में से 1 HF डीलक्स प्रो लॉच की गई।

स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन संयोजन पेश करती यह बाइक कई आधुनिक खूबियों से लैस है। जानकारी देते हुए संचालक संतोष रघुवंशी ने बताया कि नई HF डीलक्स प्रो शानदार डिज़ाइन सेगमेंट में सबसे बेहतर फीचर्स बेहतरीन माइलेज के साथ एंट्री लेबल मोटरसाइकिल सेगमेंट में नई ऊर्जा लेकर आई है। इसमें आई 3 एस टेक्नोलॉजी लो फ्रिक्शन इंजन और खास तौर पर डिजाइन किए गए टायर जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं। जो इसे बेहतरीन माइलेज देने सक्षम बनाते हैं।

इसकी एक्स शोरूम कीमत 71150/- रखी गई है।नई HF डीलक्स प्रो में नए बॉडी ग्राफिक्स इसके लुक को और आकर्षक बनाते हैं साथ ही इसमें एल ई डी हैडलैंप दिया गया है जिससे विजिबिलिटी बेहतर होती है। इसमें डिजिटल मीटर कंसोल दिया गया है जो सारी



बाजार समाचार

जानकारी साफ और सटीक रूप से दिखाता है। इसमें दिया गया लो फ्यूल इंडिकेटर रोजमर्रा की सवारी को और आसान बनाता है। एच एफ डीलक्स प्रो में 97.2 सीसी का भरोसेमंद इंजन दिया गया है जो 8000 आर पी एम पर 7.9 बी एच पी की पावर और 6000 आर पी एम पर 8.05 न्यूटन मीटर का टॉर्क देता है। दोनों टायर 18 इंच डायमीटर के ट्यूबलेस हैं जो बेहतर और स्मूद राइड का अनुभव कराते हैं।

## पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन 20 तक

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नवीन आवेदन के लिए एमपी टास पोर्टल 5 से 20 अगस्त तक पुनः खोला गया है। विभाग की सहायक संचालक संगीता जायसवाल ने ऐसी सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यो से कहा कि उनकी संस्था के ऐसे विद्यार्थी जो किन्हीं कारणों से छात्रवृत्ति के आन लाइन आवेदन नहीं कर पाए थे उन सब के लिए यह सुनहरा अवसर मिला है।

## रक्षाबंधन का अर्थ है एक दूसरे की पवित्रता और सम्मान की रक्षा करनाः रुक्मणी दीदी

**विदिशा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मुखर्जी नगर सेवा केंद्र द्वारा जिला जेल विदिशा में परमात्म रक्षा सूत्र बांधने का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन हम सभी भारतवासियों के लिए एक पावन पर्व है इस दिन हर बहन अपने भाई को राखी बांधती है। इस आसा के साथ की उसका भाई जीवन भर उसकी और उसकी पवित्रता की रक्षा करेगा। यह बंधन एक ऐसा पवित्र बंधन है। जिसमें एक बार बंध जाने से उस रिश्ते का सम्मान बहुत बढ़ जाता है फिर उस रिश्ते से कभी विकारी दृष्टि वृत्ति उत्पन्न नहीं हो सकती परंतु आज कलयुग के इस समय पर कुछ आत्मा इस पवित्र बंधन का भी मान नहीं रखते आज के समय पर हर मनुष्य आत्मा के अंदर यह जो पांच विकार हैं यह अपने चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं आप भी यहां पर कोई ना कोई विक्रम करके ही पहुंचे हैं। कभी-कभी तो भाई बहन के पवित्र संबंध को कलंगित कर देते हैं आज के समय पर पवित्रता तो दूर राखी का महत्व दोनों ही बदल गए हैं।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हर्षवर्धन बघेल पुत्र श्री रामबाबू बघेल निवासी ग्राम खामखेड़ा कस्बा तहसील व जिला विदिशा मध्य प्रदेश का निवासी हूं, मेरा आधार कार्ड नंबर 7931 4555 7058 है, जो कि मुझे जारी किया गया था। आधार अपडेट के दौरान त्रुटि वश मेरा नाम विनायक बघेल दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम हर्षवर्धन बघेल है, मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। इसलिए मैं आधार अपडेट करा कर हर्षवर्धन बघेल अंकित कराना चाहता हूं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना वह पहचाना जावेगा।

# हर मंडल पर 10 से 14 अगस्त तक निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




भाजपा की कामकाजी बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिला भाजपा अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने पार्टी के आगामी 10 से 14 अगस्त तक जिले के प्रत्येक मंडल पर आयोजित होने जा रही तिरंगा यात्रा की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा 10 से 14 अगस्त तक जिले के प्रत्येक मंडल केंद्र पर तिरंगा यात्रा का आयोजन युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका में किया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों एवं प्रतिष्ठानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराने सुनिश्चित किया गया है। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों युद्ध स्मारकों एवं स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाए स्वच्छता अभियान के पश्चात सभी स्थान पर पुष्पांजलि अर्पित की जाए। प्रत्येक मंडल में युद्ध वीरों शहीदों देश की सेवा में प्राण निछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घर पहुंच कर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाए 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जिला केंद्र पर मोन जुलूस निकाला जाए। विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि सरकार का पक्ष मजबूती से रखें हमारी सरकार निरंतर देश की तरक्की के लिए कार्य कर रही है आगामी तिरंगा यात्रा के सभी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करें जिससे कि समाज में अच्छा संदेश जाए।



## केंद्रों पर बारदाने खत्म, 3 दिन से खरीदी बंद, स्लॉट भी बुक नहीं कर पा रहे किसान

# परेशानीः मूंग खराब होने व खरीदी बंद होने से किसानों को मंडी में कम दाम मिलने की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶रायसेन

मूंग खराब होने व कहीं कहीं खरीदी बंद होने के बाद अनाज मंडी में किसानों को कम दाम मिलने की चिंता सता रही है।मूंग खरीदी बंद होने बारदाना खत्म होने खरीदी बंद होने स्लॉट भी बुक नहीं कर पा रहे किसान।

जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों को मूंग बेचने के लिए अब आंखों में रातें बिताना पड़ रही है। खरीदी केंद्रों पर 3-4 दिन से बारदान नहीं हैं, जिससे खरीदी बंद है। बीते 4 दिन से स्लॉट की बुकिंग ऊपर से पोर्टल बंद होने से उलझन पैदा हो रही है।कई किसान दूसरी बार मूंग बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग नहीं करवा पा रहे हैं।

### रिजेक्ट करने पर किसान ने क्वॉलिटी दिखाने सड़क पर खाली की ट्रॉली

ग्राम करमोदिया के किसान राजेश दांगी, परसौरा के किसान हरिसिंह के सब्र का बांध मंगलवार को टूट गया। वे मूंग की उपज बेचने सोसायटी पहुंचे। लेकिन नंबर आने पर सोसायटी वेयरहाउस परसौरा के कर्मचारी विनोद गौर और सर्वेयर ने क्वॉलिटी खराब बताकर उपज को रिजेक्ट कर दिया। इस बात से गुस्साए किसान ने फसल की क्वॉलिटी बताने के लिए ट्रॉली को सड़क पर ही खाली कर दिया।

किसान दो दिनों से लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहा था, लेकिन जब फसल की बिक्री को लेकर उसकी बारी आई तो वेयरहाउस प्रभारी कैलाश गौर और कर्मचारियों ने खरीदी से मना कर दिया। किसान ने उपज की क्वॉलिटी बताने ट्राली को वेयरहाउस के सामने बीच सड़क पर खाली कर दी।

किसान द्वारा सड़क पर मूंग की ट्रॉली खाली करने की सूचना पर जिला विपणन विभाग के अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उपज को नियमानुसार बिक्री कराने की बात कही। किसानों ने बताया कि मूंग बेचने और उपज को अमानक स्तर का बताकर उनसे रुपयों की डिमांड की जाती है।

विपणन विभाग के अधिकारी बोले कि अब चाहे किसी का भी वेयर हाउस हो यदि कोई आपसे फसल तुलाई के नाम पर रुपयों की डिमांड करता है तो किसी भी किसान को रुपया नहीं देना है। सहकारिता विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संबंधित किसान के द्वारा लाई गई मूंग हरहाल में खरीदी जाए।



### कृष्णा वेयरहाउस आलमपुर में किसानों के साथ मची है लूटमार

मूंग बेचने के लिए आए किसानों ने मीडियाकर्मियों को बताया कि सर्वेयर दो किसानों की ट्रॉलियों से मूंग तुलाई के 30 हजार रुपये की डिमांड कर रहा था। वहीं परेशान किसानों ने बताया कि वेयरहाउस आलमपुर में वेयरहाउस मालिक से लेकर हम्माल सर्वेयर द्वारा बगैर मोटी रिश्वतखोरी के उनकी मूंग की तुलाई नहीं कर रहे हैं। खरीदी केंद्र शिवनारायण शर्मा बुधवार को बुखार होने की वजह से वेयरहाउस नहीं पहुंचे। मौके का फायदा उठाकर किसानों की मूंग तुलाई में डंडी मार जमकर की गई। हम्मालों ने एक तौल कांटे पर 600 से 1 किलो और दूसरे कांटे पर 2 से 3 किलो मूंग कटौती की गई, जो कि सरासर गलत है। यहां जांच करने पहुंचे जिला विपणन विभाग कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर अमानक मूंग रिजेक्ट कर दी गई है। किसानों ने बताया कि बाहर के अनाज व्यापारियों की मूंग पाली कर यहां बेची जा रही है। उनकी मिलीभगत से यह गोरखधंधा चल रहा है।

### तीन दिन से बंद है खरीदी

दिव्या वेयरहाउस किशनपुर पर 3 दिन से खरीदी बंद है। अभी बारदाना खत्म होने से तौल नहीं की जा रही है। मूंग बेचने किसानों को अब आमखेड़ा वेयरहाउस भेजी जाने लगी हैं। यहां ट्रैक्टर ट्रॉली में किसान रात गुजारने को मजबूर हैं।
-मंगल सिंह मीणा, किसान

मूंग तौल कराने 3 रात दो दिन इंतजार किया। अब बारदान खत्म हो गए। 2 अगस्त को मेरी स्लॉट बुकिंग की तारीख भी निकल गई। दोबारा स्लॉट बुक नहीं करा पा रहा हूं। अभी एक बार भी मूंग नहीं बेचा, ऐसे में नुकसान की चिंता हो रही है।
- प्रहलाद सिंह, किसान


पहली बार 10 जुलाई को मूंग बेचा,लेकिन अभी तक बिल नहीं बना। दूसरी बची हुई शेष मात्रा के लिए दोबारा स्लॉट बुक कराना है।,लेकिन तीन दिन से सर्वर पर मेंटेनेंस के कारण बुकिंग बंद है। अधिकारी भी फोन उठाकर सही जवाब नहीं दे रहे हैं।
- चरनजीत सिंह, किसान

### इनका कहना है

बारदानों की खेप रात में आ जाएगी। कोलकाता और भोपाल से रवाना हो चुकी थी। बारदाने की 120 गठाने आ रही हैं, जिन्हें आते ही बुधवार को केंद्रों पर पहुंचा दिए जाएंगे।
- कल्याण सिंह ठाकुर, डीएमओ रायसेन

# दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत, तीन घायल

### नगर के स्टेट हाईवे 15 पर हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिलवानी

नगर से निकले स्टेट हाईवे 15 पर दोपहर के समय दो बाईक आमने सामने से भिड़ गई। इस हादसे में 1 युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 घायल हो गए। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट आने पर रेफर किया गया।

हादसा पुष्पा विद्यालय के पास हुआ जहांकि दो बाइक आमने सामने से टकरा गई जिसमें एक युवक देवेंद्र उर्फ छतर सिंह निवासी ग्राम सर्रा 18 साल की मौत हो गई जबकि रितेश उर्फ राजपाल लोधी 25 साल, दीवान उर्फ अर्जुन सिंह 25 साल दोनो निवासी सागर तथा छतर सिंह अहिरवार 40 साल निवासी सर्रा घायल हो गए। जिन्हे उपचार के बाद रेफर किया गया।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगो के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। डायल 100 के द्वारा नागरिको की सहायता से घायलो को सिविल अस्पताल पहुचाया गया । घटना के बाद टोल प्लाजा की एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची तथा धायलो को अस्पताल पहुचाने में मदद की।

ज्ञात रहे कि सोमवार को भी स्टेट हाईवे 15 पर भी दो हादसो में एक महिला की मौत तथा 4 घायल हुए थे। नगर से निकले स्टेट हाईवे 15 तथा 44 पर हादसो का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। कमोवेश रोज ही हादसे हो रहे है जिनमे जानमाल का नुकसान हो रहा है।

### विकास कार्यों, योजनाओं की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

**रायसेन।** जिले के औबेदुल्लागंज स्थित आजीविका भवन में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में विकास और निर्माण कार्य तथा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें प्रभारी मंत्री द्वारा भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य समय पर पूर्ण कराए। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन की हर स्तर पर मॉनीटरिंग करें, जिससे पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

# 2 स्थानों पर छापामार जब्त की 75 हजार की सागौन इमारती वनोपज

### वन विभाग की वन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिलवानी



वन विभाग सिलवानी द्वारा लगातार वन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाही की जा रही हैं। छापामार कार्रवाही की कड़ी में वन अमले के द्वारा नगर में 2 स्थानो पर कार्रवाही कर अवैध रुप से संग्रहित कर रखी गई लकड़ी को जब्त का वन अपराध के तहत प्रकरण दर्ज किया।

एसडीओ सिलवानी इंदर सिंह बारे के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य के रेंजर महेंद्र कुमार पालेचा ने अमले के साथ मुखबिरी पर मुजाहिद पुत्र जाहिद हुसैन निवासी वार्ड 6 पड़ान मोहल्ला सिलवानी एवं तलैया मोहल्ला के दो स्थानों पर दबिश दी गई। तलाशी में भारी मात्रा सागौन इमारती चिरान एवं गोल 110 नग, जिसका बाजार मूल्य लगभग 75 हजार रुपए आंका गया।

आरोपी मुजाहिद हुसैन के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त जप्ती कार्य में एसडीओ श्री बारे, रेंजर श्री पालेचा, गोवर्धन दास जाटव डिप्टी रेंजर, कार्यवाहक वनपाल अखिलेश रजक, कमलेश तिवारी, मदनमोहन शुक्ला,वन रक्षक हरनारायण सिंह, जुबेर खान, अमित धुर्वे, स्थाई वन कर्मी प्रेमनारायण रजक, दाऊद, संतोष तिवारी, रईश खां, रघुवीर लोधी, धर्मेन्द्र वाहन चालक आदि का विशेष योगदान रहा।

## नगर में आवागमन हो रहा प्रभावित, वाहनों की चपेट में आ रहे मवेशी, वाहन चालक भी हो रहे घायल

# राष्ट्रीय राजमार्ग समेत नगर के गली चौराहों पर मवेशियों का लगा जमघट

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

क्षेत्र में ऐसा कोई दिन बाकी नहीं जा रहा जबकि वाहन दुर्घटना के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों पर दो-चार आवारा मवेशियों की मौत ना हो रही हो साथ ही वाहन चालक इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। साथ ही साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर जबलपुर एवं बरेली से सिलवानी और पिपरिया मार्ग पर सैकड़ो की संख्या में इन आवारा मवेशियों को झुंड के रूप में देखा जा सकता है। लेकिन आवारा मवेशियों को लेकर आम से लेकर खास सभी परेशान है लेकिन इस समस्या के समाधान को लेकर सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

हालांकि सरकार के द्वारा पूर्व में पंचायत स्तर पर गोशाला बनाकर इस समस्या से निजात मिल सके जिसके लिए एक प्रयास किया था, लेकिन यह प्रयास न काफी रहा । जितने मवेशी गोशालाओं में हैं उससे कहीं अधिक मवेशी अब गांवों में आवारा घूम रहे हैं। वहीं वर्तमान में किसानों के द्वारा अपनी फसल की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में इन मवेशियों को गांव से नगर की ओर भगाया जा रहा है , जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संख्या में इजाफा हुआ है।



पुरानी घटनाओं पर यदि नजर डाली जाए तो केमवाली मैं अज्ञात डंपर के द्वारा 14 गायों को रौंदा गया था। वहीं ग्राम भोडियां मे दो सड़क दुर्घटना में जिसमें एक में 9 दूसरी में 6 गायों की मौत हो गई थी। वहीं विगत दिनों पिपरिया ओवर ब्रिज पर एक ट्रक ने आठ गायों को रौंद दिया था जिसमें घटनास्थल पर चार गाय की मौत हो गई थी । लेकिन अब तक इन मवेशियों को सुरक्षित करने प्रशासनिक स्तर पर ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं।

बात करें राष्ट्रीय राजमार्ग 45 की जहां पर वाहन चालकों से टैक्स के रूप में टोल वसूली तो की जा रही है लेकिन वाहन चालकों को सड़क पर मिलने वाली सुविधा नसीब नहीं हो रही जबकि नियम अनुसार टोल पर एम्बुलेंस क्रेन एवं आवारा मवेशियों को हटाने के लिए कर्मचारी तैनात रहते हैं लेकिन सड़क से आवारा मवेशी हटाने की दूर की बात है सैकड़ो की संख्या मे टोल टैक्स पर ही आवारा मवेशी बैठे देखे जा सकते हैं।

वही नगर का मुख्य मार्ग जिसकी स्थिति यह है कि शासकीय महाविद्यालय से कामतोन रोड तक लगभग 600 आवारा मवेशी खड़े और बेठे दिखाई देते हैं , स्थिति यह है कि बीच सड़क में डिवाइडर के पास यह मवेशी पैर लंबे फैला कर बैठे रहते हैं जिसके कारण निकलने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान को लेकर पूर्व से ही नगर के नागरिकों के द्वारा क्षेत्र में गो अभ्यारण बनाए जाने को लेकर मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के जंगली इलाकों और सरकारी जगहों पर गो-अभयारण्य बनाया जाए तब जाकर समस्या का समाधान निकल सकता है। गो संवर्धन बोर्ड और गो सुरक्षा दल द्वारा आवश्यक ठोस कदम उठाना चाहिए।

# विधानसभा में उठा सड़क के डामरीकरण एवं नए विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए जाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिलवानी

मध्यप्रदेश विधानसभा में सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ने याचिकाओं के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाया। उन्होंने सिलवानी विकासखंड के ग्राम पडरिया कलां से सियलवाड़ा मार्ग के डामरीकरण किए जाने की मांग करते हुए कहा कि इस मार्ग के न बन पाने से स्कूली छात्र छात्राओं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी तरह श्री पटेल ने सिलवानी तहसील के ग्राम वीकलपुर के रामपुर टोला मोहल्ला, और ग्राम झांघरी में नए विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग करते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर न लगाए जाने के कारण इन गांवों के रहवासी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण में विशेषज्ञ ने बताए जैविक खेती के फायदे



हरिभूमि न्यूज ▶▶दीवानगंज

मंगलवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल एवं अखंड सेवा एवं जन विकास कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में जैविक खेती और सतत आजीविका विकास पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम गीदगढ़ में हुआ। विशेषज्ञ केके नागर ने किसानों को जैविक खेती के लाभ और तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में 36 किसानों ने भाग लिया।

ग्राम पंचायत के सरपंच, पूर्व सरपंच भारत सिंह धाकड़, ग्राम वन समिति अध्यक्ष अमर सिंह धाकड़ , उन्नंत किसान थानसिंह धाकड़, शुभम विराट धाकड़, नरेंद्र धाकड़, ग्राम पटेल एवं ग्राम मुक़्क़द्दम, समिति के अध्यक्ष और सदस्य उपस्थित रहे। विशेषज्ञ ने कहा की इस प्रणाली से जमीन से उर्वरा शक्ति बढ़ती है। रासायनिक खाद और कीटनाशको के अंधाधुंध प्रयोग से न सिर्फ़ मिट्टी एवं जमींन की उर्वरक शक्ति का खत्म हो रही है। खाद और कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से उत्पादित की उपज का स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## गंजबाजार में ग्राहकों की उमड़ी भीड़, खरीदारी में जुटीं महिलाएं

# त्यौहारों की दस्तक से राखी बाजार हुआ गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶रायसेन

शहर में अब सावन का महीना अंतिम सप्ताह में पहुंच गया है और रक्षाबंधन का त्योहारी उल्लास छाने लगा है। ऐसे में बाजार में रक्षाबंधन का उत्साह दिखाई देने लगा है। बाजार में हर कहीं राखियों की दुकानें सज गई हैं। इस बार भी दुकानदारों ने बच्चों की पसंद के साथ ही बड़ों नवयुवकों के लिए कई प्रकार की आकर्षक राखियां मंगाई हैं।

वहीं बाजार में चांदी की भी लाइट वेट में आकर्षक राखियां आई हैं। गंजबाजार में रंग-बिरंगी राखियों का बाजार सज गया है। बाजार के राखी व्यापारियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री बेहतर रहने की उम्मीद है। यही वजह है कि बाजार में अब रक्षाबंधन पर्व का माहौल दिखाई देने लगा है। लगभग हर दुकानदार ने अपनी दुकान के बाहर राखियों के स्टॉल सजा लिए हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए खेल-खिलौनों की दुकानें सज गई हैं। अब यह पूरा सप्ताह रक्षाबंधन के बाजार से गुलजार रहेगा। इस पर्व को लेकर कपड़े के दुकानदारों को भी अच्छे व्यापार होने की उम्मीद है। रेडिमेड कपड़े कारोबारियों ने रक्षाबंधन के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां जारी हैं। स्कूलों में होने वाले आयोजनों को लेकर बच्चों के लिए खास ड्रेस मंगाई है। त्योहार के सीजन में अब यह पूरा सप्ताह रक्षाबंधन के बाजार से गुलजार रहेगा।



### नई राखियां आकर्षण का केंद्र

इस बार गंजबाजार में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां जैसे छोटा भीम, मोटू.पतलू, डोरेमॉन और स्पाइडरमैन खूब बिक रही हैं। वहीं युवाओं और वयस्कों के लिए मोती, जरी, मखमल, मेटल चार्म, सिल्वर और स्टोनवर्क वाली राखियां खास पसंद की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को देखते हुए सीड राखियां भी बाजार में उपलब्ध हैं, जिन्हें बाद में मिट्टी में बोकर पौधे उगाए जा सकते हैं। साथ ही, ल्यूमिनस और एलईडी की राखियां रात के समय चमकने के कारण बच्चों में खासी लोकप्रियता हासिल कर रही है।

### कपड़ा बाजार में भी रौनक

*राखी के अलावा बाजार में कपड़ा बाजार में भी और चूड़ी बाजार में भी खासी रौनक चहलपहल नजर आने लगी है। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए भी बाजार में अभी से खरीदारी शुरू हो गई है। महिला साड़ी सूट कुर्ती कुर्ता पजामा और बच्चों के लिए नए कपड़ों की डिजाइनदार कपड़े खरीदना शुरू कर दिए हैं। त्योहारी सीजन में दुकानदार भी कपड़ों के लिए ऑफर और छूट दे रहे हैं। बच्चों की पारंपरिक परिधानों जैसे धोती कुर्ता लहंगा चुनरी की मांग ज्यादा बढ़ गई है वहीं चूड़ी बाजार में महिला रंग बिरंगी कांच की चूड़ियां, मेहंदी कोन, डिजाइनदार कड़े चूड़े आदि आइटमों की खरीदारी कर रही है।*

*बाजार में गिफ्ट आइटमों की भी डिमांड गंजबाजार में सजे राखी बाजार में राखी के साथ गिफ्ट आइटमों की खासी डिमांड बढ़ गई है। राखी के साथ देने वाले भाइयों के लिए रंग-बिरंगे रुमाल नारियल सहित अन्य गिफ्ट आइटमों की दुकान भी सजी हुई हैं, जिन पर खरीदारी बहनों ने शुरू कर दी है। हैंडीकैप, चाकलेट बॉक्स, डॉयफूड्स मिठाईयाँ पैक गिफ्ट पैकेट्स की डिमांड दुकानों पर की जाने लगी है।*

# सिविल अस्पताल प्रांगण में संचालित निजी मेडिकल स्टोर पर उठे सवाल

## *गरीब मरीजों की लूटमार का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶रायसेन/गैरतगंज

सिविल अस्पताल गैरतगंज परिसर में संचालित एक निजी मेडिकल स्टोर को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय रहवासियों ने सीएमएचओ को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया है कि उक्त मेडिकल स्टोर डॉक्टरों की मिली भगत से संचालित हो रहा है। जिससे अस्पताल में इलाज कराने आने वाले गरीब व मजदूर लोगों के साथ अनावश्यक लूटमार हो रही है।

इसमें आशंका है कि डॉक्टरों द्वारा सरकारी दवाओं की जगह प्राइवेट मेडिकल स्टोर की महंगी दवाएं लिखी जा रही हैं, जिससे अस्पताल का माहौल भी प्रभावित हो रहा है। इसके कारण अस्पताल परिसर में मरीजों से खुली लूट जैसे हालात बन गए हैं। मरीजों को मुफ्त मिलने वाली दवाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। शिकायत के मुताबिक, मेडिकल स्टोर का संचालन पूरी तरह अवैध है और इसके पीछे डॉक्टरों की मिलीभगत होने का भी आरोप लगाया गया है।



साथ ही कहा गया है कि उक्त मेडिकल स्टोर को तत्कालीन बीएमओ गैरतगंज की सहमति से अस्पताल परिसर में संचालित किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओ ने मांग की है कि गरीब व जरूरतमंद मरीजों के हित में मेडिकल स्टोर की उच्च स्तरीय जांच कर उचित कार्रवाई की जाए और उसे बंद कराया जाए। ताकि अस्पताल की गरिमा और मरीजों का विश्वास बना रहे।

### इनका कहना है

जिला स्वास्थ्य विभाग रायसेन द्वारा इसे हटवाने रिट लगाई है। हाईकोर्ट जबलपुर के फैसले के बाद मेडिकल स्टोर को हटाने की कार्यवाही की जाएगी।
- एचएन मांडरे, सीएमएचओ रायसेन